हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, सोमवार, 19 मई 2025

तापमान
अधिकतम 44.8 डिग्री
न्यूनतम 28.5 डिग्री

12 ट्रैक्टर की दुकान से चोर ले उड़े पीतल के पुर्जे चोरी



12 भारतीय सेना के सम्मान में हांसी में निकाली तिरंगा यात्रा



## खबर संक्षेप

### 20 मई के बजाय अब 9 जुलाई को होगी हड़ताल

**हिसार।** एआईयूटीयूसी के प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला सचिव मेहर सिंह बांगड़ ने कहा कि अखिल भारतीय स्तर पर केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व स्वतंत्र फेडरेशनों के सांझा आह्वान पर 20 मई को होने वाली हड़ताल की तारीख बदल दी गई है। अब यह राष्ट्रीय व्यापी हड़ताल 9 जुलाई को होगी। हालांकि 20 मई को जिला व स्थानीय स्तर पर धरने, जुलूस, प्रदर्शन कर देश भर में अपनी मांगों को यथावत बुलन्द किया जाएगा। हिसार में कार्यरत ट्रेड यूनियन एआईयूटीयूसी, इंटक, एटक, सीटू, सर्व कर्मचारी संघ व महासंघ मिल कर भाजपा सरकार की मजदूर कर्मचारी व जनविरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे व मांगों का ज्ञापन उपायुक्त के माध्यम से सरकार को भेजा जाएगा।

### लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन पांच जून को

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा राज्य चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी यूनियन की राज्य कार्यकारिणी की बैठक स्थानीय सर्व कर्मचारी संघ जिला कार्यालय में राज्य प्रधान दलेल सिंह राणा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संघ राज्य प्रधान धर्मवीर फोगाट ने कहा कि कर्मचारियों की मांगों को लेकर 5 जून को शिक्षा निदेशालय पंचकूला पर एक दिवसीय धरना देकर प्रदर्शन किया जाएगा। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होकर रोष प्रकट करेंगे। बैठक में राज्य महासचिव कपिल सिरोही, छज्जू राम कैथल, सुभाष भट्टी सिरसा, विनोद फतेहाबाद, दीपक, मनेश करनाल, सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

### डीएसपी ने नशे से दूर रहने के बारे में किया जागरूक

**हांसी।** युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने तथा नशे से दूर रहने के उद्देश्य को लेकर पुलिस द्वारा एलडीएसडी पब्लिक स्कूल में जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कराटे प्रतियोगिता में 12 जिलों से करीब 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को नशे से निकाल कर खेलों से जोड़ना है। प्रतियोगिता के शुभारंभ पर डीएसपी सिद्धार्थ व स्पेशल स्टाफ इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रविकांत ने जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

### पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई 20 से करेंगे दौरा

**हिसार।** भिवानी एवं हिसार से सांसद रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता कुलदीप बिश्नोई ने हरियाणा भर में अपने पुराने साथियों का हालचाल जानने, उनके सुख-दुख में शरीक होने के कार्यक्रम शुरू किए हैं। इसी कड़ी में वे 20 मई को सिरसा जिले में कई सामाजिक कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे तथा संघर्ष के पुराने साथियों का हालचाल जानेंगे। वे 21 मई को आदमपुर में कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। 20 व 21 मई को सायं हिसार आवास पर कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनेंगे। 22 मई को दादरी व भिवानी में कई कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे।

## मई के दूसरे पखवाड़े में गर्मी के तेवर तेज

# हिसार का अधिकतम पारा 44.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा, जनजीवन प्रभावित


### भारतीय मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गर्मी के लिहाज से मई का पहला पखवाड़े आमजन के लिए राहत भरा रहा, लेकिन दूसरे पखवाड़े की शुरुआत चिलचिलाती गर्मी के साथ हो चुकी है। पिछले 4-5 दिनों से अधिकतम तापमान तेजी से बढ़ रहा है। लोगों को दिन में लू के थपेड़ों से दो-चार होना पड़ रहा है। हिसार व आसपास के क्षेत्रों में जनजीवन गर्मी के मारे अस्त-व्यस्त होना लगा है।

रविवार को हिसार का पारा उछलकर 44.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। इससे पहले दो दिनों तक पारा 44 डिग्री सेल्सियस पर अटका हुआ था। उधर, 25 मई से शुरू होने वाले नौपता से पहले ही प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में नौतपा की परिस्थितियां बने रहने के आसार को देखते भारतीय मौसम विभाग ने पूरे प्रदेश में येलो अलर्ट जारी कर दिया है। उधर, मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार मौसम आमतौर पर 23 मई तक परिवर्तनशील व गर्म रहने की संभावना है। इस दौरान हवाओं में बार-बार बदलाव आने की संभावना है। राज्य में एक कम सक्रियता वाले पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से 23 मई तक बीच बीच में आंशिक बादल, हल्की से मध्यम गति से हवाएं चलने की संभावना है। इसी बीच राज्य के उत्तरी क्षेत्र के जिलों में 19 व 20 मई को तथा दक्षिण व पश्चिमी क्षेत्रों में 21 मई को कुछ एक स्थानों पर हवाओं के साथ छिटपुट बूंदाबांदी या हल्की बारिश की संभावना है।

जानकारी के अनुसार मई महीने के पहले पखवाड़े में जहां लगातार मौसम परिवर्तनशील बना रहा। बादलों की आवाजाही और तेज गति से हवाएं अंधड़ चलने के साथ हल्की बारिश या बूंदा-बांदी व ओलावृष्टि की वजह से प्रदेश के सम्पूर्ण मैदानी क्षेत्रों में तापमान नियंत्रित रहा। साथ ही साथ झुलसाने वाली गर्मी और हीट वेब लूं के तेवरों को ढीला कर दिया। वहीं दूसरे पखवाड़े में तापमान में बढ़ोतरी और हीट वेब लूं से गंभीर हीट वेब लूं अपने तेवरों को प्रचंड बना लिया है और झुलसाने वाली गर्मी अपने रंग दिखाने शुरू कर दिए है। हिसार और आसपास के क्षेत्र में गर्मी के तेवर तेज है। मई के दूसरे पखवाड़े में आसमान से आग के शोले बरस रहे हैं। चिलचिलाती धूप और लू के कारण लोगों को बाहर निकलना दूभर हो रहा है। गर्मी के कारण लोगों में हिट स्ट्रोक की समस्या बढ़ रही है। वहीं गर्मी बढ़ने के बिजली की डिमांड बढ़ती जा रही है।



### 23 तक परिवर्तनशील रहेगा मौसम : डॉ. खीचड़

*हकृवि के कृषि मौसम विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार हरियाणा में मौसम आमतौर पर 23 मई तक परिवर्तनशील व गर्म रहने की संभावना है। इस दौरान हवाओं में बार बार बदलाव आने की संभावना है। राज्य में एक कम सक्रियता वाले पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से 23 मई तक बीच-बीच में आंशिक बादल, हल्की से मध्यम गति से हवाएं चलने की संभावना है। इस दौरान राज्य के उत्तरी क्षेत्र के जिलों में 19 व 20 मई को तथा दक्षिण व पश्चिमी क्षेत्रों में 21 मई को कुछ एक स्थानों पर हवाओं के साथ छिटपुट बूंदाबांदी या हल्की बारिश की संभावना है। परंतु 24 मई से एक और सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से राज्य में 24 मई रात्रि से एक बार फिर से मौसम में बदलाव तथा बारिश की संभावना बन रही है।*

### 25 मई से शुरू होगा नौतपा

*25 मई से नौतपा की शुरुआत होगी, लेकिन मई के दूसरे पखवाड़े में गर्मी अभी से पूरे उफान पर है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार इस माह के अंतिम दिनों में सूर्य और पृथ्वी के बीच की दूरी कम हो जाती है। जिससे सूर्य की किरणें सीधी धरती पर पड़ती है। यही कारण है कि इन दिनों में भीषण गर्मी का कहर रहता है। वहीं बदलते मौसम में नमी की मात्रा घट गई है। भीषण गर्मी के साथ लोगों को लू (गर्म हवाओं) के थपेड़े झेलने पड़ रहे हैं। दो जून तक नौतपा रहेगा।*

### गर्मी से बचने के लिए ये करें उपाय

- प्यास न होने पर भी पानी पीते रहें।
- हल्के रंग के ढीले व सूती कपड़े पहनें।
- धूप में निकलते समय सिर पर कपड़ा ढके।
- घर में बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी,
- नींबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें।
- गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए सुरक्षात्मक उपाय अपनाएं और खासकर बच्चों का विशेष ख्याल रखें।

### हिसार में पारे की स्थिति

| तारीख | अधिकतम |
|---|---|
| 18 मई | 44.8 |
| 17 मई | 44.0 |
| 16 मई | 44.0 |
| 15 मई | 42.5 |
| 14 मई | 41.0 |
| 13 मई | 40.5 |
| 12 मई | 39.8 |
| 11 मई | 40.0 |
| 10 मई | 38.2 |
| 9 मई | 40.0 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में



हिसार। समारोह में नि:शुल्क कृत्रिम उपकरण वितरित करते पदाधिकारी।

## समर्थ फाउंडेशन ने नि:शुल्क वितरित की ट्राइसाइकिल और व्हीलचेयर

**हिसार।** समर्थ फाउंडेशन द्वारा भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा द्वारा संचालित दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के सहयोग से विशाल निशुल्क कृत्रिम उपकरण वितरण समारोह आयोजित किया गया।

नई अनाज मंडी में स्थित श्रवण एवं वाणी निशक्त जन कल्याण केंद्र में आयोजित किए गए इस समारोह में 50 ट्राइसाइकिल, 50 व्हील चेयर, 70 कान की मशीन, बैसाखी, वॉकर व छड़ी निशुल्क वितरित की गई। इस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों के दिव्यांग बंधुओं ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। स्वर्गीय समर्थ की स्मृति में आयोजित किए गए इस समारोह के दौरान समर्थ फाउंडेशन के अध्यक्ष संजय वर्मा, पायल वर्मा, समृद्धि वर्मा, नवीन वर्मा, श्याम बंसल, अनिल तनेजा, नितेश अग्रवाल, राजीव सभ्रवाल, एडवोकेट विनय बिश्नोई व एडवोकेट समीर भाटिया और श्रवण एवं वाणी निशक्त जन कल्याण केंद्र के सहायक निदेशक सुबोध दुबे, दिव्यांग केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल, सचिव एडवोकेट राजेश जैन, प्रोजेक्ट हेड सीए रामनिवास अग्रवाल, कोषाध्यक्ष जगमोहन जिंदल, समाजसेवी वी. के. जैन व वनवासी कल्याण आश्रम के प्रदेशाध्यक्ष रामबाबू सिंगल मौजूद रहे।

### हरियाणवी को सम्मान मिले, राजभाषा का मान मिले

**हिसार।** हरियाणा भाषा चेतना मंच' रोहतक की टीम का रोहतक से सिरसा जाते समय सबरंग कला संस्थान ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर अभिनेता जर्नादन शर्मा की पत्नी एवं संस्था की संयोजक डॉ. रमाकान्त शर्मा ने कहा कि 'हमारी हरियाणवी को सम्मान मिले, राजभाषा का मान मिले' इसी विषय को लेकर पूरे हरियाणा में कार्यक्रम किए जा रहे हैं ताकि हरियाणवी भाषा और उन्नति के शिखर पर पहुंचे। इस अवसर पर डॉ. मधुकान्त, अन्जना शर्मा, आशा लता, अर्चना श्योकन्द, डॉ. चन्द दत्त शर्मा आदि मौजूद थे। सबरंग कला मंच की ओर से स्वागत कार्यकर्ताओं में संजय कायत, जयभगवान लाडवाल, प्रो. रजनीश, एडवोकेट जतिन कायत, विनोद शिल्ला, कविता व अन्य मौजूद थे।

## आर्य स्कूल हैबतपुर की छात्रा संजना ने पाया चौथा स्थान







**नारनौंद।** खंड नारनौंद में स्थित आर्य सीनियर सेकंडरी स्कूल हैबतपुर की छात्रा संजना ने 500 में से 494 अंक लेकर भिवानी बोर्ड मे चौथा स्थान व दूसरी छात्रा तमन्ना ने 492 अंक लेकर भिवानी बोर्ड में छठा स्थान प्राप्त किया। इसके साथ विद्यालय की छात्रा खुशी ने486 अंक प्राप्त करके विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय का परिणाम शत- प्रतिशत रहा। विद्यालय के 37 विद्यार्थियों ने बोर्ड मैरिट प्राप्त की। इस शानदार परिणाम के लिए विद्यालय प्रधानाचार्य वजीर सिंह व प्रबंधक सतपाल आर्य ने अभिभावकों को बधाई दी।

## संगीन अपराधों से जुड़ी शिकायतों की गहनता से जांच के आदेश

- डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने हिसार पुलिस के अधिकारियों के साथ की मीटिंग
- मीटिंग में अपराध, कानून एवं व्यवस्था व अन्य मुद्दों पर की गई विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

प्रदेश पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने ऑफिसर्स मेस के कॉन्फ्रेंस हॉल में हिसार व हांसी पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में अपराध, कानून एवं व्यवस्था व अन्य मुद्दों से संबंधित विषयों की समीक्षा की गई। मीटिंग में हिसार एसपी शशांक कुमार सावन, हांसी एसपी अमित यशवर्धन सहित सभी उप पुलिस अधीक्षक, सभी थाना प्रभारी और क्राइम यूनिट प्रभारी मौजूद रहे है।

डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने बैठक में मौजूद पुलिस अधिकारियो को कहा कि संगीन किस्म के अपराधों से जुड़ी शिकायतों की गहनता से जांच करके त्वरित कार्रवाई की जाए। इसके अलावा नशा तस्करी के अवैध धंधे पर अंकुश लगाने व नशाखोरी का अवैध कार्य करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में जाए।



हिसार। पुलिस अधिकारियों की बैठक लेते डीजीपी शत्रुजीत कपूर।

### आमजन के बीच पुलिस की उपस्थिति सुनिश्चित करें

*अधिकारियों को निर्देश देते हुए डीजीपी ने कहा कि पुलिस की प्रेजेंस पब्लिक के बीच ज्यादा से ज्यादा हो, जिससे आमजन स्वयं को सुरक्षित महसूस कर सकें। उन्होंने महिलाओ के विरुद्ध अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर कड़ी निगरानी रखने व ऐसी शिकायतो पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। यातायात को बाधारहित बनाए रखना के लिए पुख्ता प्रबंधन पर बल देते हुए उन्होने कहा कि लोगो को सडक जाम से निजात दिलवाने के लिये योजनाबद्ध व प्रभावी तरीके से कार्यवाही की जाए।*

### पुलिस के पास आने वाले हर व्यक्ति की हो सुनवाई

मीटिंग के दौरान डीजीपी ने सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि थाने में आने वाले हर व्यक्ति की सुनवाई हो और उसकी शिकायत पर तुरंत कार्रवाई की जाए। जांच के स्तर को बेहतर किया जाए, जिससे दोषियों को सजा दिलाने की दर को बढ़ाया जा सके। जांच में तकनीक का बेहतर इस्तेमाल किया जाए। प्रत्येक पुलिस अधिकारी अपने अधीन कार्यरत पुलिस कर्मचारियों की कार्यकुशला को पहचाने तथा उसके अनुरुप ही उनसे कार्य लिया जाए।

## खेड़ी चोपटा पर चार बदमाशों ने गन प्वाइंट पर कार छीनी

### पुलिस ने नाकेबंदी कर बदमाशों की तलाश शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

रविवार की शाम को जींद बरवाला सड़क मार्ग पर गांव खेड़ी चोपटा व गैबी नगर (किन्नर) के बीच में चार बदमाशों ने गन प्वाइंट पर क्रेटा गाड़ी छीन कर मौके से फरार हो गए।

सूचना मिलते ही पुलिस ने चारों तरफ नाकेबंदी कर दी है वही सीन ऑफ क्राइम की टीम में मौके पर पहुंचकर जरूरी साक्ष्य जुटाए। गांव कोथ कलां निवासी गाड़ी के मालिक मोहन ने बताया कि वह चंडीगढ़ में काम करता है। रविवार को दिल्ली से एक फोन आया कि उन्हें खेड़ी चोपटा के आसपास जमीन की जरूरत है। रविवार को दिल्ली से ट्रेन में सवार होकर एक महिला व पुरुष जींद के रेलवे स्टेशन पर पहुंच गए। हमारी गाड़ी के ड्राइवर कोथ खुर्द निवासी राजबीर और फिरोज उनको लेने के लिए जींद रेलवे स्टेशन पर पहुंचे और उनको लेकर गैबी नगर (किन्नर) व खेड़ी चोपटा के बीच में जमीन का टुकड़ा दिखाने के लिए गाड़ी को साइड में खड़ी करके पैदल ही खेत के अंदर चले गए। अचानक से चार बदमाश हाथों में पिस्टल लेकर वहां पर पहुंच गए और दूर से आवाज लगाई की गाड़ी की चाबी किसके पास है। उनमें से दो बदमाशों ने जबरदस्ती से गाड़ी की चाबी छीनकर गाड़ी को खेड़ी चोपटा की तरफ भगा कर ले गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई।

### अज्ञात बदमाशों पर केस दर्ज

अज्ञात बदमाशों पर मामला दर्ज कर लिया जाएगा। पुलिस की अलग-अलग टीम में तैनात कर दी गई है सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही हैं। मामले की गहनता से हर पहलू पर जांच की जा रही है। **बलवान सिंह, थाना प्रभारी।**

## हिन्दू धर्म में कन्याओं का विवाह करवाना बड़ा पुण्य का कार्य : बजरंग गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा अग्रवाल विकास संगठन द्वारा जरूरतमंद तीन कन्याओं का विवाह संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग के नेतृत्व में बड़ी धूमधाम से गाजे-बाजे के साथ करवाया गया।

इस कार्यक्रम में विशेष तौर पर युवक-युवतियों को हिसार लोकसभा के सांसद जयप्रकाश, पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, जगदीश जिंदल, संजय गुप्ता, अंजनी खारियावाला, मुन्ना तायल, विवेक गोयल, सीए अशोक गोयल, सीए पवन गिरधर, अक्षय मलिक, विकास लाहोरिया, अमित सिंगला, अश्वनी गर्ग, मुकेश अग्रवाल, संजय डालमिया, अनन्त राम अग्रवाल, रामनिवास कोहलीवाला, पवन सिंगल, जय कुमार बंसल, ऋषि राज बुडाकियां, प्रवीण गर्ग, सुशील डालमिया, सज्जन बंसल, इन्द्र सिंह राठी ने आशीर्वाद दिया।



## पंचायत ने खाप गठन व समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने का लिया निर्णय




**हांसी।** यादव धर्मशाला हिसार में रविवार को सांतोरिया गोत्र की पंचायत आयोजित की गई। जिसमें आसपास सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों के आए 24 गांवों की सरदारी ने शिरकत करी और समाज में फैली कुरीतियों को मिटाने का आह्वान किया और संगठन की मजबूती के भी विचार रखें। सम्मेलन के दौरान मंच संचालन डॉक्टर डीपी यादव मिलकपुर ने किया। राव अजीत सिंह सुरेहली ने सांतोरिया गोत्र का इतिहास व खाप गठन के महत्व के बारे में जानकारी दी। केंद्र सरकार द्वारा अहिर रेजिमेंट का गठन नहीं किए जाने तक प्रदेश व्यापी आंदोलन शुरू करने को लेकर विचार विमर्श किया गया। पंचायत में राव फतेह सिंह दहमण, मास्टर राजेंद्र सिंह मिलकपुर, सूबेदार राव उदयवीर सिंह अध्यक्ष टोंडक खाप, कर्नल घीसाराम अध्यक्ष दुसाद खाप, राव रामगोपाल भोजासर, राव कृष्ण नीलाहेड़ी, राव आनंद सिंह भट्टे वाला, लक्ष्मी नारायण यादव मिलकपुर, राव बीर सिंह बीरण, तिलक राज कोसलिया धिकताना, आजाद सिंह डाबड़ा महासचिव यादव सभा हिसार ने अपने अपने विचार व्यक्त किए।

### केंद्रीय संस्कृति मंत्री शेखावत व सीएम सैनी आज राखीगढ़ी पहुंचेंगे

# मुख्यमंत्री आठ हजार वर्ष पुरानी हड़प्पा सभ्यता देखने आज आएंगे, विश्रामगृह और हॉस्टल भवनों का करेंगे उद्घाटन

### एसडीएम मोहित महराणा ने सीएम के आगमन को लेकर तैयारियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 5000 से भी अधिक साल पुरानी हड़प्पा सभ्यता को देखने के लिए सोमवार को ऐतिहासिक गांव राखीगढ़ी आएंगे।

इस दौरान वे पुरातात्विक स्थलों पर जाकर उत्खनन कार्य का निरीक्षण करेंगे तथा करोड़ों रुपये की लागत से नवनिर्मित तीन बड़ी विकास परियोजनाओं का लोकार्पण भी करेंगे। सीएम के अलावा सोमवार की सुबह केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी ऐतिहासिक नगरी राखी गढ़ी आएंगे।



नारनौंद। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आगमन को लेकर तैयारियों का जायजा लेते एसडीएम मोहित महराणा।

एसडीएम मोहित महराणा ने रविवार को मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर की जा रही तैयारी का जायजा लेने के उपरांत उक्त जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर तमाम तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी दोपहर करीबन 12 बजे गांव में पहुंचेंगे। संग्रहालय भवन का निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहा है। उन्होंने बताया कि म्यूजियम भवन के निर्माण को लेकर हाल ही में 42 करोड रुपये की राशि भी स्वीकृत की गई है। जल्दी टेंडर लगाया जाएगा।उन्होंने बताया कि राखी गढ़ी गांव में हड़प्पा तथा पूर्व हड़प्पा कालीन सभ्यता एवं संस्कृति के ठोस प्रमाण मिले हैं।

### इन परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण

इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी विश्राम गृह भवन, हॉस्टल,कैफेटेरिया का लोकार्पण करेंगे। इन विकास परियोजनाओं पर करोड रुपए की राशि खर्च की गई है। उन्होंने कहा कि राखीगढ़ी गांव में देश-विदेश से विद्यार्थी पुरातत्व क्षेत्र में रिसर्च करने के लिए आते हैं। हॉस्टल तथा रेस्ट हाउस के बनने से इन विद्यार्थियों को रहने तथा खाने की अब कोई दिक्कत नहीं रहेगी।

### पर्यटन मंत्री अरविंद शर्मा भी आएंगे

सोमवार को केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी ऐतिहासिक नगरी राखी गढ़ी आएंगे। उनके साथ संस्कृति मंत्रालय के सचिव विवेक अग्रवाल भी मौजूद रहेंगे। एसडीएम ने बताया कि केंद्रीय मंत्री भी विभिन्न टीलों पर जाकर उत्खनन कार्य का अवलोकन करेंगे। उन्होंने बताया कि हरियाणा प्रदेश के पर्यटन मंत्री अरविंद शर्मा भी राखी गढ़ी आएंगे।



## भिवानी का सितारा स्मारक

हरियाणा के भिवानी जिले में सितारा स्मारक एक प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल है। बताया जाता है कि यह 5वें राधास्वामी गुरु, परम संत ताराचंदजी महाराज की समाधि है, जिन्हें 'बड़े महाराज जी' के नाम से भी जाना जाता है। यह स्मारक एक षट्कोणीय संरचना है जो ज़मीन से 6 फीट की ऊँचाई पर तारे के आकार में बनी है और इसकी ऊँचाई 88 फीट है। यह स्मारक किसी खंभे या स्तंभ के बिना खड़ा है, जो इसे वास्तुकला का एक अद्भुत नमूना बनाता है।

# श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र चुलकाना धाम

तीर्थस्थल

दिनेश शर्मा 'दिनेश'





भारत भूमि देवताओं के लिए भी दुर्लभ कही गई है तथा देवताओं के द्वारा इसकी वंदना की जाती है। इस देवधरा पर कितने तीर्थ हैं इसकी गणना करना संभव नहीं है, किन्तु भारत के प्रसिद्ध तीर्थों में जिनका नाम आता है उनमें द्वादश ज्योतिर्लिंग, पंचकाशी, पंचनाथ, पंचसरोवर, नौ अरण्यक, चतुर्दश प्रयाग, सप्तक्षेत्र, सप्तगंगा, सप्तपुण्य नदियां सिद्वक्षेत्र (इक्यावन), बावन शक्तिपीठ, पचपन श्राद्ध क्षेत्र, सप्त सरस्वती, सप्तपुरियां, चार धाम आदि जाने कितने ऐसे तीर्थ स्थान हैं। जो अपने-अपने महत्व के कारण जगत प्रसिद्ध हैं।

तीर्थों के संबंध में महाभारत वनपर्व के तीर्थ यात्रा प्रसंग, स्कंध पुराण के माहेश्वर, वैष्णव, ब्रह्म, काशी, अवंती, नागर और प्रभास आदि सभी सातों खण्डों के साथ-साथ वामन पुराण, मत्स्य पुराण, नारद पुराण, ब्रह्म पुराण आदि में विशद् वर्णन प्राप्त होता है। इसी क्रम में हरियाणा के पानीपत जिले के गाँव चुलकाना जो पानीपत से लगभग 25 कि. मी. दूर है, को चुलकाना धाम के नाम से जाना जाता है। कहा जाता है कि सतयुग में अपनी तपस्या से विख्यात हुए महर्षि चुनकट की तपोभूमि माने जाने वाले इस स्थान का नाम उनके नाम से ही चुलकाना पड़ा। इस धाम को जहाँ भारतवर्ष की 84 प्राचीन सिद्ध पीठों में शामिल माना जाता है, वहीं यह स्थान श्री श्याम धाम के रूप में सुप्रसिद्ध है। सम्पूर्ण भारत वर्ष में श्री श्याम रूप में आराध्य वीर बर्बरीक उत्तर भारत के अधिकतर क्षेत्रों में कुल देवता भी माने जाते हैं।

वर्तमान में सर्वाधित प्रचलित लोक मान्यता अथवा किंवदंतियों में कहा जाता है कि वीर बर्बरीक की अद्भुत कथा मध्यकालीन महाभारत से आरम्भ होती है। जहां वनवास के दौरान महाबली भीम का हिडिंबा से विवाह होता है और उन दोनों से एक पुत्र पैदा होता है घटोत्कच, जो महान बलशाली था। वीर घटोत्कच के शास्त्रार्थ की प्रतियोगिता जीतने पर उनका विवाह आज के असम प्रागज्योतिषपुर के राजा दैत्यराज मुर की पुत्री कामकटंककटा से हुआ। उसे मुर की पुत्री होने के कारण 'मोरवी' नाम से भी जाना जाता था। कुछ भगत कामकटंककटा को मोरवी के अलावा अहिलावती भी कहते हैं और वीर बर्बरीक को अहिलावती का लाल कहकर पुकारते हैं। चुलकाना के स्थानीय लोगों में प्रचलित किंवदंतियों के अनुसार जब वीर बर्बरीक कुरुक्षेत्र युद्ध के लिए जाते हुए मार्ग में ब्राह्मण रूपी भगवान श्री कृष्ण से मिलते हैं तो वे उन्हें कहते हैं कि आप कुरुक्षेत्र मत जाइए क्योंकि हम वहां पर आपकी बलि देने की चर्चा सुनकर आ रहे हैं। धर्मराज युधिष्ठिर अपने भाइयों के साथ एक स्त्री जिसे वह महाचंडी के नाम से पुकार रहे थे, के पैरों में पड़े गिड़गिड़ा रहे थे। वह स्त्री बहुत क्रोधित हो कह रही थीं कि मैं सबका विनाश करूंगी, तुम्हें भी खत्म करूंगी। जब धर्मराज युधिष्ठिर ने उनसे विनाश रोकने का उपाय पूछा तो वे देवी कहती हैं कि तुम्हारे पास तीन महाबली हैं अर्जुन, श्रीकृष्ण और वीर बर्बरीक। जिनमें से किसी एक की बलि मुझे दें तो मैं आपको क्षमा कर सकती हूं, तब सभी आपकी बलि देने को राजी हो गए। इसलिए आप कृपया वहां मत जाइये और अपनी शक्ति व्यर्थ न कीजिये। जब भी तीनों लोको में कोई आपातकालीन स्थिति आयेगी तब ही अपनी शक्ति का प्रदर्शन कीजिए। बर्बरीक बोले, अब तो मैं जरूर जाऊंगा। अपने कुल का नाम रोशन करूँगा। जब भगवान की सारी नीतियां व्यर्थ हो गई तो वे बोले, 'ये रास्ता सीधा युद्धभूमि को गया है। आप जाओ और युद्ध देखो, लड़ो।'

बर्बरीक जैसे ही चलने लगे तभी बर्बरीक के मन में भाव आया कि मैंने इन ब्राह्मण को कोई उपहार तो दिया ही नहीं, तब बर्बरीक वापस मुड़े और ब्राह्मण से कहा, 'हे ब्राह्मण देवता, मैं आपको उपहार स्वरूप कोई भेंट देना चाहता हूं। तब ब्राह्मण ने कहा कि क्या आप हमें वो दे सकते हैं जो हम चाहें। बर्बरीक ने वचन दिया कि आप जो मांगेंगे वह वह आपको देने का वचन देता हूँ। तब भगवान ने वचन के बदले बर्बरीक से शीश का दान मांगा। बर्बरीक बोले, हे ब्राह्मण, मैं अपने वचन का पालन जरूर करूंगा, लेकिन आप मुझे अपना वास्तविक रूप दिखाइये। तब चुलकाना धाम की पावन पवित्र भूमि पर भगवान श्री कृष्ण ने वीर बर्बरीक को अपने विराट स्वरूप के दर्शन कराये। विराट रूप देखकर वीर बर्बरीक ने प्रभु की खूब प्रंशसा की और शीश दान देने के लिए तैयार हुए, तभी भगवान ने कहा, आपकी कोई इच्छा हो तो मुझे बतायें। तब वीर बर्बरीक ने कहा, प्रभु शीश दान के बाद मैं युद्ध तो नहीं लड़ सकूँगा किन्तु युद्ध देखना चाहता हूँ। चुलकाना के स्थानीय लोगों के अनुसार वीर बर्बरीक के शीश का दान यहीं हुआ था। कहा जाता है, 'जहाँ दिया था शीश का दान, वो भूमि है चुलकाना धाम।' और महाभारत के युद्ध के बाद वीर बर्बरीक ने भगवान से श्याम रूप वरदान में माँगा था।

**सैकड़ों वर्षों से चुलकाना धाम पर हर वर्ष फाल्गुन मास में शुक्ल पक्ष की एकादशी व द्वादशी पर मेले का आयोजन होता है। इस मेले में लाखों श्रद्धालु श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम रूप में विद्यमान वीर बर्बरीक के दर्शन करने के लिए आते हैं। वर्तमान में प्रत्येक महीने एकादशी व द्वादशी को हरियाणा और इसके आस-पास के राज्यों से हजारों लोग श्री श्याम दर्शन के लिए मंदिर पहुंचते हैं।**



हालांकि महाभारत के आदि पर्व से लेकर स्कन्ध पुराण में वर्णित बर्बरीक उपाख्यान को देखने के बाद वीर बर्बरीक के बारे में जो तथ्यपरक जानकारी हमें प्राप्त होती है, वह लोक में प्रचलित मान्यताओं से कुछ अलग है। दूसरा इसी लोक मान्यता के इतर हरियाणा में ही कुछ और स्थान भी हैं जिनका संबंध वीर बर्बरीक यानी श्री श्याम से माना जाता है। चुलकाना में वीर बर्बरीक का श्री श्याम के रूप में प्राचीन मन्दिर स्थित है। इसके पास ही भव्य श्याम कुण्ड का निर्माण किया गया है। 'अखिल भारतीय वंशावली संरक्षण व संवर्धन संस्थान' और मंदिर में आराधना का दायित्व निभाने वाले परिवार के अनुसार महंत उधोदेव की परंपरा में संवत 1705 में कन्हैया दास चुलकाना आये। उन्होंने शंखनाद कर चुलकाना को अपना प्रार्थना स्थल बनाया तथा श्री श्याम जी की स्थापना की। आज भी कन्हैया दास के वंशज ही मंदिर में पूजा का कार्य संभालते हैं। हालांकि अब मंदिर की देख-रेख, व्यवस्था और प्रचार-प्रसार के लिए ग्रामीणों द्वारा 'श्री श्याम मंदिर सेवा समिति' की स्थापना भी की गयी है। विगत कुछ वर्षों में मंदिर का जीर्णोद्धार करके उसे विशाल और भव्य स्वरूप प्रदान किया गया है। चुलकाना एक ऐतिहासिक गांव है जहां हमें सालों पुरानी कुछ हवेली देखने को मिलती और अनेक प्राचीन मंदिर भी बने हैं। महर्षि चुनकट और बाबा लकीसर से सम्बंधित अलग मंदिर परिसर और सरोवर भी जन सामान्य के बीच आस्था का केंद्र हैं। ऐसा कहा जाता है कि वर्षों पहले यमुना नदी का बहाव चुलकाना गांव के उक्त सरोवर तक था। हजारों लोगों की आस्था को सम्मान देते हुए वर्तमान राज्य सरकार ने इस धाम के प्रचार-प्रसार और संरक्षण के लिए तीर्थ स्थल बोर्ड के गठन करने की घोषणा की है। गांव के बाहर तोरणद्वार और सड़क के विस्तार का कार्य प्रगति पर है। सैकड़ों वर्षों से चुलकाना धाम पर हर वर्ष फाल्गुन मास में शुक्ल पक्ष की एकादशी व द्वादशी पर मेले का आयोजन होता है। इस मेले में लाखों श्रद्धालु श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम रूप में विद्यमान वीर बर्बरीक के दर्शन करने के लिए आते हैं। वर्तमान में प्रत्येक महीने एकादशी व द्वादशी को हरियाणा और इसके आस-पास के राज्यों से हजारों लोग श्री श्याम दर्शन के लिए मंदिर पहुंचते हैं। जबकि श्री श्याम बाबा के फाल्गुन मेले में पूरे देश से भक्तजन आते हैं। चुलकाना और आसपास के गांवों के लोग कुल देवता के रूप में भी श्री श्याम की आराधना करते हैं। आज भी चुलकाना धाम में महाभारत कालीन पीपल का वृक्ष है। यहाँ आपके लिए यह जानना और रोचक होगा कि अब चुलकाना धाम पर प्रतिदिन आने वाले सैकड़ों श्रद्धालुओं के कारण स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा हुए हैं। स्कन्ध पुराण के माहेश्वर खंड के द्वितीय उपखंड कौमारिका खंड के 66वें अध्याय के 115वें एवं 116वे श्लोक में श्री श्याम यानि वीर बर्बरीक की एक अलौकिक स्त्रोत्र से की गयी स्तुति का भावार्थ है कि 'हे विप्रगण! इस स्तोत्र द्वारा श्रावण मास में जो सुहृदय की पूजा करेगा और वैशाख कृष्णपक्ष की त्रयोदशी को सैकड़ों भरे हुए दीपक जलाकर उनका स्तवन करेगा, उस पर वे (सुहृदय) प्रसन्न होंगे।'

---

रागणी

डॉ. शील कुमार



## ऑपरेशन सिन्दूर

आज्या नै तु नणदी के बीरा हो,
रहेगी अकेली तेरी नार।

मेरी गेल्यां ब्याह करवाकै,
बणा था जीवन साथी।
बीच भंवर मै छोड़ डिगरै ग्या,
रह्या ना कोए हमाती।
रहगी अकेली तेरी नार.....

पहलगाम मैं आए थे घूमणै,
घर तै कोशों दूर।
नाम पूछकै गोली मारी,
मिटा दिया सिंदूर।
सहगी अकेली तेरी नार.....

ओप्रेशन सिंदूर' चलाया,
आतंकी घबराए।
आतंकवाद की कमर तोड़ दी,
उनके घुटने टिकाए।
फहगी अकेली तेरी नार....

कोए भी नापाक हरकत,
भारत नै ना भायी।
शील पै जिसनै वार करआ,
उसने मुंह की खायी।
कहगी अकेली तेरी नार....

आज्या नै तु नणदी के बीरा हो,
रहेगी अकेली तेरी नार।

---

कविता

राजपाल सिंह गुलिया



## पहलम आली बात नहीं सै

भोत बदलग्या गाम आज यो , पहलम आली बात नहीं सै ,
बणे फिरैं वे टेक गाम की , जिनकै जात जमात नहीं सै .

बात -बात म्हँ छोह म्हँ भर कै , ये ठा ल्यावैं हथियारां नै
दे राख्या नाकाँ म्हँ धुम्मा , इब गाम गैल दो च्यारां नै ,
दारू पी कै एक लाठी तैं , हाँकें सै देखो सारां नै .
खूड बेच कै आया चिमकणा , इन टूटे ओड़ सितारां नै .
लाखां की ये बात करैंगे , दो आन्ने औकात नहीं सै .

कदे इसके अर कदे उसके , सभ के ठायां हाण्डै झंडे ,
झूठ -साँच के अपणावैं सैं , नित नए- नए ये हथकंडे .
योह जितैगा वो हारैगा , बणे फिरैं सैं सियासी पंडे .
दारू इनकी उतरै सै जिब , पड़ैं पुलिस के इन पै डंडे .
बिना पिटे ये घर आए हों , आयी ईसी रात नहीं सै .

लिहाज शर्म का काम रह्या न , लोग नशे के गुलाम होग्ये ,
पड़े पावैं सैं ये गालां म्हँ , ये सभतैं भुंडे काम होग्ये .
कर्जा ले कै तुरत नाट ज्याँ , किस्से ये भी आम होग्ये .
आज सहर नै परे बठावैं , इसे कसूते गाम होग्ये .
बात करैं सैं वे बरसां की , जिन धोरै घड़ी स्यात नहीं सै .

गाँधी के सपनां के गाम की , इब ये ठेके स्यान बढ़ावैं ,
ताश खेलते सारा दिन ये , रोज साँझ नै रंग जमावैं .
भूल भटक ये कदे खेत म्हँ , भी ना चक्कर मारण जावै ,
याह धरती एक्वायर होज्या , इब ये सारे न्यूं ए चाहवैं .
राजपाल गुलिया भी करता , किसै एक की बात नहीं सै .

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

रोचक

**दिल्ली सीमा पर अंग्रेजों के साथ स्वतंत्रता सेनानियों की चार माह में 32 बार भिड़ंत हुई, केवल चुनिंदा देशी शासकों ने अंग्रेजों का विरोध किया**

# मई माह में आरंभ हुआ था 1857 का स्वतंत्रता संग्राम




इतिहास

यशपाल गुलिया

विद्रोह व गदर के उप नामों से जाना जाने वाला सैन्य अभियान वास्तव में प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम था। अंग्रेजों द्वारा भारतीय सैनिकों के साथ भेदभाव तथा चर्बी वाले कारतूस आदि विभिन्न कारणों से भारतीय सैनिकों में आक्रोश व्याप्त हो चुका था। यद्यपि अंग्रेज अधिकारियों के विरुद्ध विद्रोह का श्रीगणेश तो मंगल पांडे ने 29 मार्च 1857 को कर दिया था। परन्तु वास्तविक सैन्य विद्रोह मेरठ स्थित तीसरी कैवलरी के सैनिकों ने 10 मई 1857 से किया था।

मेरठ में अंग्रेज कमांडर जनरल हैविट ने 9 मई को 85 भारतीय सैनिकों को बन्दी बना डाला था। उससे वहां स्थित शेष सैनिकों में अत्याधिक आक्रोश हो गया और उन्होंने बगावत करके अंग्रेज अधिकारियों का वध करके सभी 85 सैनिकों को रिहा करवा लिया। फिर 10 मई की शाम को ही सभी विद्रोही सैनिक दिल्ली को कूच कर गए। अगले दिन उन सैनिकों ने दिल्ली पहुंचकर बहादुरशाह जफर को भारत का स्वतन्त्र बादशाह घोषित कर दिया तथा दिल्ली में अंग्रेजों का कत्लेआम कर डाला।

दिल्ली में स्थित 4-5 सैनिक बटालियन भी मेरठ वाली सैनिकों के साथ मिल गई। तब दिल्ली में रेजिडेन्ट कमिश्नर साइमन फ्रेजर था और सम्पूर्ण भारतीय सेना अध्यक्ष जॉर्ज ऐनसन था जो ग्रीष्मकालीन के लिए शिमला गया हुआ था। भारत का अंग्रेज गवर्नर जनरल लार्ड केनिग था जो कलकता रहता था। संग्राम के आरम्भ होने पर लार्ड केनिग ने ऐनसन को दिल्ली पर फिर से कब्जा करने बारे संदेश भेजा। तब तक दिल्ली में भारतीय स्वतन्त्रता सेनानियों की संख्या भी काफी हो चुकी थी। कारण यह कि बरेली, निमच, नसीराबाद, मथुरा, कानपुर आदि छावनियों से भी काफी संख्या में भारतीय सैनिक दिल्ली आने लग गए थे। परन्तु ज्यादातर भारतीय रजवाड़ों ने सेनानियों की सहायता नहीं की बल्कि पंजाब स्थित कुछ शासकों ने तो अंग्रेजों की खुलकर सहायता की थी जिनकी सहायता से अंग्रेज कमांडर ऐनसन अम्बाला में एक बड़ी सेना गठित करने में सफल हो गया था। वह सेना दिल्ली पर धावा बोलने के लिए करनाल के रास्ते 8 जून को समयपुर बादली पहुंच गई थी, लेकिन दिल्ली के अन्दर पड़ाव लगाए सेनानियों ने उस सेना से भीषण युद्ध करके वापस हटा दिया। अंग्रेजों की उस गठित सेना ने फिर दिल्ली के बाहर बाड़ा हिन्दुराव वाली रीज पर पड़ाव डाल लिया। यह 20 सितम्बर 1857 तक दिल्ली के अन्दर पहुंच ही नहीं सकी। मुख्य अंग्रेज कमांडर ऐनसन, फिर कमांडर ब्रनार्ड आदि की वहां मृत्यु हो गई थी। इसके बाद कमांडर मिस्टर रीड व आर्चडेल विलसन आदि ने पदभार सम्भाला और सेनानियों की कमांड बरेली के भक्तखां ने सम्भाल रखी थी। क्रान्तिकारियों को बहादुरशाह जफर समय पर वेतन आदि नहीं दे पाया और देशी रजवाड़ों की निष्क्रियता के कारण उनका मनोबल सितम्बर माह तक गिरना आरम्भ हो गया था। रिज स्थित अंग्रेज सेना व क्रान्तिकारियों के मध्य दिल्ली के बाहर चार मास में 32 बार टकराव हुआ।






दिल्ली में बाड़ा हिन्दुराव पर अंग्रेजों द्वारा बनाया स्मारक तथा शिलालेख पर 32 लड़ाइयों का विवरण अंकित है।

**अन्ततः अंग्रेज अपनी कूटनीति व समन्वय की वजह से 20 सितम्बर 1857 को दिल्ली पर अधिकार करने में सफल हो गए थे। स्वतन्त्रता संग्राम की भीषणता का आकलन उन द्वारा 1857 में दिए गए 182 विक्टोरिया क्रॉस की संख्या से लगाया जा सकता है, जो विश्वयुद्ध में दिए गए 182 विक्टोरिया क्रॉस की संख्या के बराबर थी।**

उस अवधि में 1450 अंग्रेज अधिकारी मारे गए थे तथा झांसी, लखनऊ व बिहार आदि में भी क्रांति ने व्यापक रूप ले लिया था। अन्ततः अंग्रेज अपनी कूटनीति व समन्वय की वजह से 20 सितम्बर 1857 को दिल्ली पर अधिकार करने में सफल हो गए थे। स्वतन्त्रता संग्राम की भीषणता का आकलन उन द्वारा 1857 में दिए गए 182 विक्टोरिया क्रॉस की संख्या से लगाया जा सकता है, जो विश्वयुद्ध में दिए गए 182 विक्टोरिया क्रॉस की संख्या के बराबर थी।

---

# संस्कृति के संवर्धन में लोक कलाओं की खास भूमिका : सोनिया

कलाकार

ओ.पी. पाल

हरियाण की समृद्ध लोक संस्कृति के संवर्धन में जुटे लोक कलाकारों ने अपनी कला को नई दिशा देने का प्रयास ही नहीं किया, बल्कि हरियाणवी कला, संस्कृति और परंपराओं की देश-विदेशों तक अलख जगाई है। ऐसे ही कलाकारों में प्रतिभावान सोनिया अपने लोक नृत्य की कला को ऐसी धार देने में जुटी हैं, जिसमें उनका लोक नृत्य, केवल मनोरंजन ही नहीं, बल्कि संस्कृति का वाहक बनकर धर्म, संस्कार और आत्म-चिंतन को जोड़ने का सबब बनता जा रहा है। लोक नृत्य के साथ वह भारतीय शास्त्रीय नृत्य कथक की विधा में अपने कदम बढ़ा रही हैं।

युवा लोक कलाकार सोनिया ने अपनी लोक कला के सफर को लेकर कुछ ऐसे पहलुओं को भी उजागर किया है, जिसमें वह अपनी कला लोक परंपरा और शास्त्रीय साधना से एक ऐसा सांस्कृतिक पुल बनाया जा सकता है, जो नई पीढ़ी अपनी जड़ों से जोड़कर समाज को सकारात्मक विचारधारा के साथ नई दिशा देने में सक्षम है। हरियाणा की प्रतिभाशाली कलाकार सोनिया का जन्म 24 सितंबर 2001 को यमुनानगर जिले के ससोली गाँव के एक मध्यमवर्गीय परिवार में सुरेंद्र कुमार और करनैलो देवी के घर में हुआ। उनके परिवार में कोई सांस्कृतिक या कला का माहौल नहीं था। सोनिया की प्रारंभिक शिक्षा गांव के ही सरकारी स्कूल में हुई, उनके पिता कभी-कभी रिक्शा चलाकर भी परिवार का पालन पोषण करने का प्रयास करते थे, जबकि माता नगर पालिका में कच्ची कर्मचारी के रूप में कार्यरत हैं। कोरोना काल में उनके पिता का निधन हो गया। तब वह गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज, यमुनानगर में स्नातक प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही थी। परिवार की जिम्मेदारी संभाल रही मां ने बेटे के अभाव में भी घर में तीन बेटियों का आत्मबल कभी कम नहीं होने दिया और आर्थिक चुनौतियों के बीच धैर्य और एकजुटता से आगे बढ़ने की शक्ति दी। बकौल सोनिया उन्हें बचपन से ही नृत्य में अभिरुचि थी। जब भी कोई फिल्म देखती, तो उसके नृत्य को कॉपी करने की कोशिश करती और उसके संवादों की तरह अभिनय भी करती थी। कभी कमरे में अकेले, तो कभी किसी पारिवारिक आयोजन में जैसे ही संगीत बजता या कोई सीन मन को छूता, मेरा मन नृत्य और अभिनय की ओर खिंच जाता था। समय के साथ यह रुचि ही उनकी साधना बन गई और अब लोकनृत्य ही उसकी कला की पहचान बन चुकी है। गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज में शिक्षा के दौरान यूथ फेस्टिवल में उन्हें हरियाणवी लोक नृत्य के ग्रुप डांस में भाग लेने का अवसर मिला,जहां उनकी कला को मिली सराहना ने आत्मविश्वास को ऐसे बढ़ाया कि उनका मन पूरी तरह नृत्य में रच-बस गया। कॉलेज में ही उन्होंने हरियाणवी लोकनृत्य की बारीकियां सीखीं, जिसके बाद उन्होंने कई फिल्मों की शूटिंग के दौरान बैकग्राउंड डांसर के रूप में काम करना शुरू किया। इसी दौरान उन्हें स्वर्गीय सिंगर राजू पंजाबी के साथ एक गाने में मुख्य भूमिका में भी काम करने का अवसर मिला। परिवार और समाज के कुछ लोग शुरू में रोक-टोक करते थे, पर उन्होंने हार नहीं मानी। जब उन्होंने हरियाणवी लोकनृत्य और भारतीय शास्त्रीय नृत्य की दुनिया में कदम रखा, तब यह सिर्फ एक शौक नहीं, बल्कि आत्मा की पुकार थी।

युवा लोक नृत्य कलाकार सोनिया का कहना है कि हमारी लोक नृत्य, संगीत, और रंगमंच जैसी पारंपरिक कलाओं को कहीं न कहीं संघर्ष करना पड़ रहा है, जिसका कारण डिजिटल माध्यमों ने मंचों को स्क्रीन में बदल दिया है। हरियाणवी लोक नृत्य, रंगमंच और संगीत जैसे पाठ्यक्रमों को स्कूली स्तर पर लागू करने की आवश्यकता है। इसके लिए सरकार को लोक कला और नृत्य को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष योजनाएं बनानी चाहिए, ताकि कलाकारों को आर्थिक और सामाजिक सहायता मिल सके, जिससे वे अपनी कला को सशक्त रूप से प्रस्तुत कर सकें।





### हरियाणवी संस्कृति सर्वोपरि

सोनिया अपनी कला को केवल मंच की प्रस्तुति नहीं, बल्कि आत्मिक यात्रा मानती है। हरियाणवी लोक नृत्य में गांव की मिट्टी की सोंधी खुशबू, भाषा, लोकगीत, हंसी-मजाक और संघर्ष सब कुछ समाहित करते हुए हरियाणा संस्कृति को सर्वोपरि रखा है। अब सोनिया का झुकाव भारतीय शास्त्रीय नृत्य कथक की ओर भी है, जिसकी विद्या को पूरी श्रद्धा और लगन से सीख रही है, क्योंकि इसमें केवल ताल और गति नहीं, बल्कि गहराई से भाव, कथा और आत्मिक अनुशासन छिपा है। उनका कहना है कि अपनी कला में उनका लक्ष्य नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का है, ताकि समाज को सकारात्मक विचारधारा के साथ नई दिशा मिल सके और उनकी कला मनोरंजन नहीं, बल्कि संस्कृति का वाहक बनकर धर्म, संस्कार और आत्म-चिंतन से जुड़ सके।

## खबर संक्षेप

### भारती स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

**बरवाला।** भारती विद्या मंदिर हाई स्कूल बरवाला का कक्षा दसंवी का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल की छात्रा सुनिधि ने 500 में से 480 अंक प्राप्त करके स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया । सुनिधि ने गणित विषय मे 100 में से 100 अंक और सामाजिक विज्ञान जैसे जटिल विषय में 100 में से 99 अंक हासिल किए । छात्रा मधु ने 500 में से 477 अंक प्राप्त करके दूसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा के 20 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर, अभिभावकों, गुरुजनों और स्कूल का नाम रोशन किया। छात्र घनिष्ट और यतेन ने भी गणित विषय मे 100 में से 100 अंक हासिल किए।

### रंजिश के चलते किसान पर बोला हमला, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** गांव सुखमनपुर में पुरानी रंजिश के चलते कुछ लोगों ने एक किसान पर हमला कर घायल कर दिया। घायल व्यक्ति को उपचार के लिए रतिया के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां से उसे अग्रोहा रेफर कर दिया गया। इस मामल में शहर रतिया पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव सुखमनपुर निवासी रोहताश ने कहा है कि गत दिवस वह अपने खेत जा रहा था। इसी दौरान युवकों ने उस पर हमला बोल दिया।

### लोहाखेड़ा में मकान से अवैध शराब बरामद

**फतेहाबाद।** नाजायज शराब बेचने वालों की धरपकड़ करते हुए पुलिस ने गांव लोहाखेड़ा के एक मकान से 51 बोतल नाजायज शराब बरामद की है। मिली जानकारी के अनुसार थाना शहर टोहाना पुलिस की टीम एसआई ईश्वर सिंह के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। टीम जब गांव लोहाखेड़ा पहुंची तो उन्हें सूचना मिली कि नानक सिंह पुत्र पहलवान सिंह निवासी लोहाखेड़ा नाजायज शराब बेचने का काम करता है।

### कॉलेज छात्रा सहित तीन युवतियां लापता, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से एक कॉलेज छात्रा सहित तीन युवतियों के लापता होने का समाचार है। तीनों मामलों में परिजनों द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव किरढ़ान निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी 21 साल की लडक़ी गत दिवस सुबह 8 बजे राजकीय महाविद्यालय भट्टू में बीए फाइनल की परीक्षा देने की बात कहकर घर से गई थी और उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी है।

### 10वीं बोर्ड के रिजल्ट में सिमरन विद्यालय में टॉप

**भूना।** शहीद भगत सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल नहला ने हरियाणा बोर्ड की 10वीं परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया। स्कूल के 33 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी और सभी पास हुए। इनमें से 31 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता पाई। परिणाम में छात्रा सिमरन ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में पहला स्थान हासिल किया। गरिमा व ललित और मानसी ने 92.8 प्रतिशत अंक हासिल किए।

### मोटरसाइकिल सवार 23 ग्राम हेरोइन सहित काबू

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस ने गश्त के दौरान मोटरसाइकिल सवार युवक को 23 ग्राम हह्यरोइन सहित काबू किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी निरीक्षक गजराज ने बताया कि एएसआई रणजोध सिंह पुलिस पार्टी के साथ गश्त के दौरान गांव चौटाला से ढाणी सिखांवाली रोड पर जा रहे थे। रास्ते में एक युवक बाइक लेकर खड़ा दिखाई दिया। एएसआई ने बाइक सवार के पास गाड़ी रोककर उससे वहां खड़े होने का कारण पूछा तो एकदम से अपना बाइक स्टार्ट करके भगाने का प्रयास किया। शक के आधार पर बाइक सवार को काबू करके उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 23 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान बंसी लाल पुत्र सुभाष निवासी चौटाला के रूप में हुई है।

---

### ओएसजीयू ने किया मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित

# शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देने में ओएसजीयू का महत्वपूर्ण प्रयास

**हिसार और आसपास के क्षेत्रों से लगभग 700 से अधिक विद्यार्थियो ने लिया हिस्सा**

हरिभूमिन्यू ▶▶ हिसार


हिसार। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते ओएसजीयू के पदाधिकारी।

ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय और गरिमा फाउंडेशन के सौजन्य से विश्वविद्यालय के प्रांगण में एक भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस गरिमामय समारोह में इस वर्ष 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल और प्रो चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य कि कामना की। कार्यक्रम के दौरान हिसार और आस पास के क्षेत्रों से लगभग 700 से अधिक विद्यार्थियो ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि तथा गणमान्य व्यक्तियों द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह दिए गए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों का बहुमूल्य मार्गदर्शन भी किया गया कि वे अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार अपने करियर की दिशा तय कर सके।


इस समारोह में ओएसजीयू के कुलपति डॉ. एन. पी. कौशिक ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर अपने जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक दृष्टिकोण के महत्व पर जोर दिया। विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ राजेंद्र सिंह छिल्लर ने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में नए आयाम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। सम्मानित विद्यार्थियों ने ओएसजीयू के इस विशेष कार्यक्रम की सराहना करते हुए विश्वविद्यालय का आभार जताया।

यह समारोह डॉ राकेश धीमान, डॉ. रेणु शर्मा , मेवा सिंह, सचिन काजल व उनकी पूरी टीम की देख-रेख में संपन्न हुआ। समारोह का मंच संचालन डॉ. सीमा घनघस व शिक्षक ओंड्रिला ने किया।

---


हर्ष


रश्मि


प्राची


पायल

## शहीद भगत सिंह स्कूल की दसवीं का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

हरिभूमिन्यू ▶▶ हांसी

शहीद भगत सिंह हाई स्कूल का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

स्कूल के निदेशक सत्यवान ने जानकारी देते हुए बताया कि स्कूल के 60 विद्यार्थियो ने बोर्ड की परीक्षा दी थी जिनमें से में से 36 विद्यार्थियो ने बोर्ड मैरिट प्राप्त की। उन्होंने बताया की हर्ष ने 500 में से 480 अंक लेकर स्कूल में प्रथम, रश्मि ने 472 अंक लेकर द्वितीय तथा प्राची ने 470 अंक लेकर तृतीय, पायल ने 469 अंक लेकर चतुर्थ स्थान और पूनम ने 468 अंक लेकर स्कूल में पंचम स्थान प्राप्त किया।

### उज्जवल भविष्य की कामना

मुख्याध्यापक राम अवतार सिंह ने स्कूल के श्रेष्ठ शिक्षा परिणाम पर छात्रों, अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई दी और सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

---

## डॉ. अशोक गोदारा फिर चुने गए हौटा प्रधान

- आम सभा की बैठक में डॉ. अशोक गोदारा ने दिया अपने कार्यकाल में करवाए गए कार्यों का ब्यौरा
- एचएयू के शिक्षक संघ के इतिहास में सर्वसम्मति से प्रधान बनने वाले डॉ. अशोक गोदारा पहले प्रधान

हरिभूमिन्यू ▶▶ हिसार


हौटा प्रधान चुने गए डॉ. अशोक गोदारा।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (हौटा) के प्रधान डॉ. अशोक गोदारा को दो वर्ष के लिए फिर से प्रधान चुन लिया गया है। हौटा की आम सभा की बैठक में शिक्षकों ने सर्वसम्मति से डॉ. अशोक गोदारा को फिर से प्रधान चुनते हुए उन्हें कार्यकारिणी गठन का अधिकार दिया। खास बात यह है कि एचएयू शिक्षक संघ के इतिहास में पहली बार शिक्षक संघ के प्रधान का सर्वसम्मति से चुनाव हुआ है, जिसमें डॉ. अशोक गोदारा को प्रधान चुना गया है।

इससे पहले शनिवार को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (हौटा) की आम सभा की बैठक हुई जिसमें सचिव डॉ. सोमबीर ने सभी का स्वागत किया। डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने हौटा के अपने कार्यकाल की उपलब्धियों के बारे में आम सभा को बताया। अशोक कुमार गोदारा ने अगले चुनाव की तारीख के बारे में विचार विमर्श के लिए सभी को अधिकृत किया। बैठक में हौटा के पूर्व प्रधान डॉ. प्रदीप चहल ने डॉ. अशोक कुमार गोदारा के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें दूसरे कार्यकाल के लिए भी बिना चुनाव करवाए प्रधान पद पर बने रहने का प्रस्ताव रखा। पिछली बार के प्रत्याशी डॉ. राकेश सहरावत ने भी डॉ. अशोक कुमार गोदारा को प्रधान चुने जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया। पूर्व हौटा प्रधान करमल मलिक ने भी डॉ. अशोक कुमार गोदारा को अगले कार्यकाल के लिए भी बिना चुनाव करवाए प्रधान पद पर बने रहने की बात का समर्थन किया। शिक्षकों की रायसुमारी के बाद वर्तमान प्रधान डॉ. अशोक कुमार गोदारा को बिना चुनाव प्रधान पद पर बने रहने के निर्णय पर सहमति जताई गई।

---

# जो पड़ जाऊं कमजोर प्रभु हाथ पकड़ लेना...

- श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन
- श्याम बाबा के भजनों पर खूब झूमे भक्त

हरिभूमिन्यू ▶▶ हिसार



श्री श्याम मंदिर सेक्टर 16-17 में रविवार की सायं श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया। श्रदालुओं ने विभिन्न प्रकार के फल, मेवा का भोग बाबा को अर्पित किया।

श्री श्याम मंडल (रजि) द्वारा सांय आयोजित कीर्तन में भजन गायकों ने वृंदावन मे हुक्म चले बरसाने वाली का, तेरे भरोसे मेरी गाड़ी तू जाने तेरा काम जाने, तुने बना दी है औकात बाबा थाम के मेरा हाथ, श्याम तेरे भरोसे मेरा परिवार है, जो पड़ जाऊं कमजोर प्रभु हाथ पकड़ लेना आदि भजनों से समां बांध दिया और श्री श्याम प्रभु का गुणगान करते हुए भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर भारी संख्या मे श्रद्धालुओं ने भजन संध्यां का आनंद लिया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के प्रधान विनोद अग्रवाल, आशीष जैन, सुभाष बंसल, रामकुमार गोयल, औम प्रकाश गोयल, विनोद गुप्ता, राजकुमार जैन, सुनील अग्रवाल, सतीश बंसल, त्रिलोक बंसल आदि मौजूद रहे।

---

## जीवन में आनंद के लिए जरूरी है कि हम भयमुक्त रहें : स्वामी स्मरणानंद गिरी

हरिभूमिन्यू ▶▶ हिसार


हिसार। दीप प्रज्वलित करते स्वामी स्मरणानंद गिरी व स्वामी आद्यानंद गिरी ।

योगदा सत्संग सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा मिडटाउन ग्रैंड में आयोजत किए गए क्रिया योग-मेडिटेशन कार्यक्रम में हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों व अन्य राज्यों से श्रद्धालुओं ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया।

योगदा सत्संग सोसायटी ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष महान संत स्वामी स्मरणानंद गिरी जी एवं नोएडा में योगदा सत्संग आश्रम की शाखा के प्रभारी स्वामी आद्यानंद गिरी जी ने दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम की शुरूआत की। स्वामी स्मरणानंद गिरी जी ने विश्व प्रसिद्ध पुस्तक योगीकथामृत के लेखक श्री श्री परमहंस योगानंद जी द्वारा स्थापित योगदा सत्संग सोसायटी ऑफ इंडिया के विविध पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए समस्त साधकों को क्रिया योग को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने खुशहाल व सफल जीवन के विभिन्न उपायों को भी साधकों के साथ साझा किया। स्वामी स्मरणानंद गिरी जी ने प्रवचन देते हुए कहा कि जीवन में आनंद के लिए जरूरी है कि हम भयमुक्त रहें। उन्होंने ध्यान का महत्व समझाते हुए कहा कि ध्यान शरीर, दिमाग और आत्मा को संतुलित करना सिखाता है।

---


उकलाना। प्रशिक्षण शिविर के शुभारंभ अवसर पर मौजूद अतिथिगण।

## आशीर्वाद समृद्धि फाउंडेशन के तहत सिलाई व मेहंदी कोर्स का शुभारंभ


*उकलाना। आशीर्वाद समृद्धि फाउंडेशन हरियाणा के तहत गांधी बस्ती उकलाना में निशुल्क सिलाई एवं मेहंदी प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ हुआ। यह प्रशिक्षण 3 महीने तक निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। आशीर्वाद समृद्धि फाउंडेशन के संस्थापक रविंद्र गोयल ने कहा की गरीब बहन बेटियों को सिलाई के माध्यम से सक्षम बनाना उद्देश्य है और इस कार्य को करने के लिए कृष्णा फ्रंड के सहयोग से उकलाना में यह कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर सुरेंद्र सेलवाल, गोपाल जलंधरा, रिशपाल डाबला, जोगेंद्र कौशिक, अमित खटक, शमी नागपाल, महेंद्र सोनी, चमन लाल खटक आदि मौजूद थे।*

---

## जेजेपी के सभी पोस्टरों पर लगेगी चौटाला की फोटो : दुष्यंत

### 10 जून से एक महीने तक जेजेपी चलाएगी सदस्यता अभियान

हरिभूमिन्यू ▶▶ उकलाना


उकलाना। कार्यकर्ताओं से मुलाकात करते पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला।

जननायक जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने रविवार को हिसार के हलके में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा को भाखड़ा और सतलुज-यमुना लिंक (एसवाईएल) नहर का पानी दिलाने की मांग को लेकर जेजेपी जल्द ही हरियाणा और पंजाब के राज्यपालों से मुलाकात करेगी।

पार्टी ने फैसला लिया है कि अब सभी जेजेपी के पोस्टरों में पूर्व मुख्यमंत्री स्व. ओमप्रकाश चौटाला की तस्वीर भी शामिल की जाएगी। दुष्यंत चौटाला उकलाना हलके के गांव फरीदपुर, खेदड़ और ब्याना खेड़ा में ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के सुख-दुख में हिस्सा लिया और कार्यकर्ताओं को हाल ही में रोहतक में आयोजित बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी दी। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जेजेपी प्रदेशभर में मजबूत संगठन खड़ा करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। उन्होंने घोषणा की कि आगामी 10 जून से 10 जुलाई तक पूरे हरियाणा में व्यापक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा जल्द ही हलका अध्यक्षों की नियुक्ति की घोषणा की जाएगी, जिसके लिए सभी जिला प्रभारियों और जिलाध्यक्षों के साथ विचार-विमर्श पूरा हो चुका है। इस मौके पर जेजेपी के राष्ट्रीय संगठन सचिव राजेन्द्र लितानी, जिलाध्यक्ष अमित बूरा, जिला प्रभारी अनिल बालकिया, बबलु गोदारा, नरेश ब्यानाखेड़ा, तरुण गोयल, गुलाब खेदड़, नेकीराम श्योराण, हरदीप मलिक, आदि मौजूद रहे।

---

### ड्रेन पर पुल न होने से ग्रामीणों को परेशानी

**रतिया।** गांव लुठेरा के पास से गुजरती बरेटा ड्रेन पर पुल न होने के कारण गांव के किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव के कई किसानों की ड्रेन के पार करीब 100 एकड़ कृषि भूमि पड़ती है।

ड्रेन के सूखा होने पर तो किसानों ड्रेन के बीच में से गुजर जाते हैं लेकिन ड्रेन में पानी आने पर किसानों को करीब कई किलोमीटर का अतिरिक्त रास्ता तय करना पड़ता है। किसानों ने सरकार व प्रशासन से ड्रेन पर पुल बनाने की मांग की है ताकि किसानों को आ रही परेशानी से राहत मिल सके। ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव लुठेरा के पास से बरेटा ड्रेन गुजरती है लेकिन ड्रेन पर पुल नहीं है। गांव के कई किसानों की कृषि भूमि ड्रेन के पार है।

---

## 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत शहर होगा हरा-भरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

शहर को हरा-भरा बनाने के लिए जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के दौरान विभाग द्वारा अपनी सभी साइटों पर पौधारोपण के लिए जगह का चयन किया रहा है। जल्द ही इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा और अधिक से अधिक पेड़ लगाए जाएंगे। यह बात जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहाकार शर्मा चंद लाली ने कही। उन्होंने कहा कि विभाग शहरी आजीवीका मिशन के साथ मिलकर एक अनूठी योजना पर कार्य कर रहा है। यह कार्य 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया जाएगा। इसमें शहरभर में एक बड़े पौधारोपण अभियान की शुरूआत की जाएगी। यह पहल न केवल शहर को सुंदर और हराभरा बनाएगी, बल्कि इससे प्रदूषण में कमी, तापमान नियंत्रण और जैव विविधता को बढावा भी मिलेगा। जन स्वास्थ्य विभाग अपनी जमीन से इस अभियान की शुरूआत करेगा। इसके लिए विभाग पहले अपने टयूबवेल, जल घर, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट व सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पर पौधे लगाए जाएंगे।

**पौधरोपण से होती स्वच्छ वायु की प्राप्ति**

वृक्षारोपण से हमें स्वच्छ वायु और ऑक्सीजन प्राप्त होती है, जो हमारे जीवन के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। वृक्ष हवा से कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य हानिकारक गैसों को सोख लेते हैं और बदले में हमें शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। स्वच्छ वायु हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है।

---

## लाखों की ठगी मामले में महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने घर बैठे रुपये कमाने का लालच देकर एक महिला से लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में गिरफ्तार महिला आरोपी से पूछताछ के आधार पर 6 लाख 30 हजार की नगदी, एक बैंक पासबुक और दो मोबाइल फोन बरामद किए है। साइबर थाना फतेहाबाद प्रभारी इंस्पैक्टर सतीश ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 18 मार्च को मनिन्द्र कौर पत्नी जगबीर सिंह निवासी शेखुपुर सोत्तर की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

पुलिस ने एक महिला निशा रानी उर्फ नवदीप कौर पत्नी रणजीत सिंह निवासी आजाद नगर पटियाला को अबोहर से गिरफ्तार किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार अक्टूबर 2023 में उसने इन्स्टाग्राम पर अपलोड हुई वीडियो देखी। इस वीडियो में बताया गया था कि आप घर बैठे रुपये कमा सकते हो। इसके बाद उसने वीडियो में दिखाए गए नंबर पर मैसेज किया। इसके बाद 23 दिसम्बर 2023 को उसके व्हाट्सएप पर मैसेज आया और उसे बताया गया कि वह 36500 रुपये जमा करते हैं तो उसको प्राफिट के साथ 38500 रुपये मिलेंगे। इस पर उसने अपने अकाउंट से बताए गए नंबर पर दो ट्रांजेक्शन में 35600 रुपये ट्रांसफर कर दिए।

**सूचना**

मैं, मुकेश विधवा हिटलर निवासी बिठमडा तहसील उकलाना जिला हिसार बयान करती हूं कि मैं मेरे पुत्र रिकार्डो सहरावत आधार नंबर 4305 6057 0827 जिसकी जन्म प्रमाण पत्र में जन्मतिथि 2 अप्रैल 2008 है जबकि 10वीं व 12वीं के प्रमाण पत्र में जन्म तिथि 15 जुलाई 2005 लिखी गई है जो गलत है जिसे जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर दर्ज व दुरुस्त की जाए।

---

### ई-लाइब्रेरी से शिक्षा के क्षेत्र में आएगी नई क्रांति : शत्रुजीत कपूर

# डीजीपी ने सिरसा में किया ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन

- सरदार पटेल पुलिस ई-लाइब्रेरी' के नाम से स्थापित इस केंद्र का निर्माण लगभग 28 लाख रुपये की लागत से किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। ई लाइब्रेरी का उद्घाटन करते डीजीपी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) शत्रुजीत कपूर ने रविवार को सिरसा में प्रदेश की 17वीं ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। 'सरदार पटेल पुलिस ई-लाइब्रेरी' के नाम से स्थापित इस केंद्र का निर्माण लगभग 28 लाख रुपये की लागत से किया गया है। उद्घाटन समारोह में विभिन्न सरकारी एवं डिग्री कॉलेजों के विद्यार्थियों के साथ डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राएं भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। डीजीपी कपूर ने ई-लाइब्रेरी परिसर का निरीक्षण करते हुए वहां उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को ई-लाइब्रेरी के माध्यम से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली और उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह ई-लाइब्रेरी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए एक सशक्त मंच बनेगी। डीजीपी हरियाणा शत्रुजीत कपूर ने कहा कि ई-लाइब्रेरी से शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति आएगी। यह विद्यार्थियों को नई जानकारी और कौशल प्रदान करेगी, जिससे वे अपने जीवन में आगे बढ़ सकेंगे। ई-लाइब्रेरी के माध्यम से विद्यार्थियों को ऑनलाइन शिक्षा के संसाधनों तक पहुंच प्राप्त होगी।

**ऑनलाइन कोचिंग की भी व्यवस्था की जाएगी**

डीजीपी कपूर ने कहा कि इस ई-लाइब्रेरी में ऑनलाइन कोचिंग की भी व्यवस्था की जाएगी और विशेष रूप से अंग्रेजी, फ्रेंच, स्पेनिश और जापानी भाषाएं सिखाने का भी प्रबंध किया जा रहा है। यह ई-लाइब्रेरी न केवल आम विद्यार्थियों के लिए बल्कि पुलिसकर्मियों एवं डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के बच्चों के लिए भी लाभकारी सिद्ध होगी।

## खबर संक्षेप



### सांई बाबा के भजनों का किया गुणगान

**बरवाला।** श्री सनातन धर्म हनुमान मंदिर द्वारा संचालित श्री सांई सेवा समिति बरवाला द्वारा मेन बाजार चौक के पास स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में एक शाम सांई के नाम 12वीं भजन संध्या का आयोजन किया गया। प्रोजेक्ट चेयरमेन संजीव भाटिया और तरुण कक्कड़ ने बताया कि इस भजन संध्या में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक वेद नारंग व नगरपालिका चेयरमेन रमेश बैटरीवाला ने शिरकत की और ज्योत प्रचंड हनुमान मंदिर कमेटी प्रधान मदन लाल मखंड वाले ने की तथा श्री सांई बाबा की आरती हनुमान मंदिर कमेटी संरक्षक भीम सैन मक्कड ने की। गणेश पूजन हनुमान मंदिर कमेटी के मैम्बरों द्वारा किया गया और मंच संचालन पूर्व पार्षद प्रतिनिधि विक्की रहेजा ने किया।

### सट्टा खाईवाल करते एक काबू, 72000 रुपये बरामद

**हांसी।** विशेष अभियान के दौरान हांसी स्पेशल स्टाफ पुलिस टीम ने सरेआम सट्टा खाईवाल करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान भिवानी जिले के गांव रोहनात निवासी इंद्र के रुप में हुई है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के पास से 72 हजार रुपये बरामद किए हैं। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार स्पेशल स्टाफ हांसी पुलिस को सूचना मिली थी कि जगदीश कॉलोनी में एक व्यक्ति सरेआम सट्टा खाईवाल कर रहा है। सूचना के आधार पर टीम का गठन किया गया। स्पेशल स्टाफ की टीम ने बताए गए स्थान पर पहुंच शक के आधार पर इंद्र को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 72 हजार रुपये तथा पर्चियां बरामद हुई।

### सरकारी स्कूल खरकड़ा का परीक्षा परिणाम शानदार

**बरवाला।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित मैट्रिक कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरकड़ा का शानदार रहा। विद्यालय के नवनियुक्त प्राचार्य प्रवीण चुघ ने बताया कि कुल 65 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी जिसमें से चार विद्यार्थियों ने मेरिट और 22 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी तथा 30 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की। छात्रा काजल ने 85.20 प्रतिशत अंक हासिल करके स्कूल में प्रथम स्थान और आशू ने 84.80 प्रतिशत अंक हासिल करके द्वितीय स्थान तथा पारुल ने 82 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल किया।

### सीएवी स्कूल प्रकरण पर जताई गहरी चिंता

**हिसार।** हिसार की ऐतिहासिक शिक्षण संस्था सीएवी स्कूल प्रकरण पर स्कूल के पूर्व छात्र, प्रबंध समिति के पूर्व सदस्य व सामाजिक संस्था 'सजग' के अध्यक्ष वास्तु आर्किटेक्ट सत्य पाल अग्रवाल ने गहरी चिंता व्यक्त की है। अग्रवाल ने कहा कि कभी क्षेत्र की शैक्षणिक पहचान और सांस्कृतिक चेतना का केंद्र रही यह संस्था केवल एक शैक्षणिक भवन नहीं, बल्कि शिक्षा, समाज सेवा और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक रही है।

### भारतीय सेना के सम्मान में हांसी में निकाली तिरंगा यात्रा

# ऑपरेशन सिंदूर भारत की सैन्य क्षमता व राष्ट्रीय संप्रभुता का प्रतीकः गंगवा

### लोगों ने भारत माता की जय के लगाए नारे

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

भारतीय सेना के सम्मान में रविवार शाम को हांसी में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। विधायक विनोद भयाना ने यात्रा का नेतृत्व किया। इस यात्रा में कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, पूर्व राज्यसभा सांसद डीपी वत्स, जिला परिषद चेयरमैन सोनू सिहाग सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। भारत माता के जयकारों के बीच तिरंगा यात्रा स्थानीय लोक निर्माण विभाग विश्राम घर से प्रारंभ हुई और शहर के मुख्य चौक चौराहों से होती हुई लाल सड़क स्थित शहीद स्मारक पर संपन्न हुई। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा, विधायक विनोद भयाना तथा यात्रा में शामिल सैकड़ो लोगों ने स्मारक पर पुष्प चढ़कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने भारतीय सेना की वीरता और अदम्य साहस की सराहना करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की सैन्य क्षमता, राष्ट्रीय संप्रभुता और सुरक्षा प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस विजय ने देशवासियों का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है और यह हमारे जवानों की अद्वितीय शौर्य गाथा को दर्शाता है। कैबिनेट मंत्री गंगवा ने उपस्थित युवाओं को राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा लेते हुए देश सेवा में योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर तिरंगा यात्रा की जिला संयोजक प्रवीण सैनी, सहसंयोजक सुखविंदर जाखड़, सहसंयोजक नीलम जांगड़ा गोल्डी सैनी, भाजपा नेता राजपाल यादव, दिनेश भूटानी, रणधीर सिंह धीरू, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि विनोद सैनी, साहिल भयाना, प्रेम वर्मा, श्याम खाण्डा विजय सैनी, विजय देपल, दीपक शर्मा, महंत सागर नाथ तनुज खुराना सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।




हांसी। नागरिक अभिनंदन समारोह में उपस्थित कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा।

#### दुश्मन के गुरुर को तोड़ा : विधायक भयाना

विधायक विनोद भयाना ने इस दौरान उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से हमारे रणबाकुरों ने अदम्य साहस, वीरता एवं कुशल रणनीति का परिचय देते हुए दुश्मन के गुरुर को तोड़ने का काम किया है। सेना ने दिखा दिया कि जो भारत की और आंख उठा कर देखेगा उसे कड़ा सबक सिखाया जाएगा।

#### गंगवा गांव का विकास प्राथमिकता

**हिसार।** गांव गंगवा में रविवार को एक भव्य समारोह के दौरान लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा का ग्रामीणों द्वारा सार्वजनिक नागरिक अभिनंदन किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने गांववासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज वे जो कुछ भी हैं, उसमें गांव के लोगों का अथाह सहयोग और समर्थन शामिल है। कैबिनेट मंत्री ने कुम्हार धर्मशाला में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि गंगवा गांव का विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने मंच से यह घोषणा की कि गंगवा गांव में कुम्हार धर्मशाला के निर्माण के लिए वे अपने ऐच्छिक कोटे से 21 लाख रुपये प्रदान करेंगे। इस अवसर पर नलवा विधायक रणधीर पनिहार, जिला परिषद चेयरमैन सोनू सिहाग डाटा, ब्लॉक समिति चेयरमैन पूनम रानी, अजय गावड़, हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व चेयरमैन सतबीर सिंह वर्मा, सरपंच भगवानदास आदि उपस्थित रहे।




हिसार। एडीआर सेंटर में आयोजित वर्कशॉप को संबोधित करते रिसोर्स पर्सन अधिवक्ता पीके संधीर, साथ हैं सीजेएम अशोक कुमार। *फोटो: हरिभूमि*

## क्रॉस एग्जामिनेशन के पहलुओं पर डाला प्रकाश

- क्रॉस एग्जामिनेशन पर न्याय रक्षकों के लिए वर्कशॉप का आयोजन, न्याय रक्षकों को दी गई महत्वपूर्ण जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव के आदेशानुसार तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनुराधा साहनी व प्राधिकरण के सचिव अशोक कुमार के मार्गदर्शन में एडीआर सेंटर हिसार के सभागार में एक विशेष वर्कशॉप का आयोजन किया गया। यह वर्कशॉप क्रॉस एग्जामिनेशन विषय पर केंद्रित थी जिसमें न्याय रक्षकों को इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया की गहराई से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन अधिवक्ता पीके संधीर ने क्रॉस एग्जामिनेशन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला व हिसार कार्यालय परिसर में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर अन्य जिलों के न्याय मित्रों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि क्रॉस एग्जामिनेशन न केवल सच्चाई को उजागर करने का एक सशक्त माध्यम है, बल्कि यह न्यायिक प्रक्रिया में निष्पक्षता लाने का भी एक प्रभावी साधन है। उन्होंने बताया कि हर केस में क्रॉस एग्जामिनेशन की जरूरत और उसकी सीमा को समझना आवश्यक है। विशेष रूप से जब गवाह कमजोर हो, तो पेशेवर और नैतिक मूल्यों का पालन अत्यंत आवश्यक हो जाता है। परीक्षा व क्रॉस एग्जामिनेशन की चुनौतियों के बारे में उपयोगी जानकारी दी गई। उन्होंने विशेष रूप से विधिक सहायता मामलों को संभालने वाले बचाव पक्ष के वकीलों को सुझाव दिए कि वे केस की प्रकृति, गवाह की मानसिक स्थिति और अदालत की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए पूछताछ करें। इंटरएक्टिव सेगमेंट में विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि हर क्रॉस एग्जामिनेशन का उद्देश्य गवाह की विश्वसनीयता की जांच करना है, न कि उसे डराना या भ्रमित करना।

## डिलीवरी के दौरान सुरक्षा के लिए आधुनिक तकनीक जरूरी : गोयल

- प्लास्टिक सर्जरी व महिला रोगों की विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ समर्पण अस्पताल का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

किसी भी महिला की डिलीवरी के दौरान महिला व उसके बच्चे की सुरक्षा के लिए आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं व तकनीक का इस्तेमाल आज जरूरी हो गया है। सरकार के कार्यक्रमों और बढ़ती चिकित्सा सुविधाओं के बाद डिलीवरी में महिला की मृत्युदर काफी कम हुई है लेकिन बच्चे का मानसिक रूप से स्वस्थ पैदा होना एक महत्वपूर्ण विषय बन गया है। ये बात शहर के वरिष्ठ प्लास्टिक सर्जन डा. विशाल मोहन गोयल और महिला रोग व वरिष्ठ लैपरोस्कॉपी सर्जरी विशेषज्ञ डा. मीनाक्षी गोयल ने पत्रकारों से बातचीत में रविवार को कही। वे अर्बन एस्टेट-2 में रामशरणम आश्रम के पास स्थित समर्पण हॉस्पिटल के भव्य शुभारंभ के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। इस अस्पताल के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शहर के कई गणमान्य नागरिकों और चिकित्सकों ने भाग लिया।




हिसार। पत्रकारों से बातचीत करते डॉ. विशाल, डॉ. मीनाक्षी, डॉ. रजत व डॉ. रीमा।

## अखिल भारतीय सेवा संघ ने लगाया नेत्र जांच शिविर

- अपने नाम के अनुरूप सेवा कार्यों में सदैव अग्रणी रहता अखिल भारतीय सेवा संघ : मेयर

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

मेयर प्रवीण पोपली ने कहा है कि अखिल भारतीय सेवा संघ अपने नाम के अनुरूप सेवा कार्यों में सदैव अग्रणी रहता है। संगठन की ओर से स्वास्थ्य कैंप लगाना व अन्य सेवा कार्य चलाना अत्यंत सराहनीय है। मेयर प्रवीण पोपली सैनियान मोहल्ला स्थित सैनी सीनियर सेंकेंडरी स्कूल में अखिल भारतीय सेवा संघ की ओर से आयोजित नेत्र जांच शिविर का शुभारंभ करने उपरांत उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय सेवा संघ लंबे समय से सेवा कार्य चला रहा है, जिससे अनेक जरूरतंद लाभांवित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सेवा कार्यों को उनका सदा सहयोग रहेगा। अखिल भारतीय सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि प्रदेशभर में संगठन की शाखाएं विभिन्न विषयों पर अपने सेवा कार्य करेगी। नेत्र जांच शिविर के प्रोजेक्ट चेयरमैन सुरेन्द्र सिंह सैनी, संजय सेहरा व अजय ग्रोवर ने बताया कि शिविर में 200 से अधिक लोगों की आंखों की जांच की गई।




हिसार। शिविर में मरीजों की आंखों का चैकअप करते डॉ. रिपन कामरा।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर पार्षद ज्योति वर्मा, हरिसिंह सांखला, शाखा अध्यक्ष विनोद गोयल, संजीव राजपाल, दीपक गर्ग, ओमप्रकाश राड़ा,विनोद वर्मा, रंजीव राजपाल, संदीप भाटिया, विनोद सैनी, सतीश भुटानी, गुलशन कथूरिया, सुरेश बत्रा, गौरव भाटिया, गौरव कथूरिया, गौरव कटारिया, प्रदीप कटारिया, महेन्द्र सांखला आदि मौजूद थे।

## ट्रैक्टर की दुकान से चोर ले उड़े पीतल के पूर्जे

- वारदात से नाराज व्यापारियों ने पुलिस को दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद

शहर में जींद हांसी सड़क मार्ग पर स्थित मोठिया ट्रैक्टर वर्कशॉप में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर दुकान से हजारों रुपये सहित ट्रैक्टर के पुर्जे व गोशाला का दान पात्र चुराकर मौके से फरार हो गए। शहर के व्यापारियों ने इकट्ठे होकर शहर में बढ़ रही चोरियों की घटनाओं को लेकर चिंता जताई और इसकी शिकायत पुलिस को दी है। व्यापारियों ने प्रशासन को अल्टीमेटम दिया है कि जल्द ही चोरों को नहीं पकड़ा गया तो वह कड़ा कदम उठाने के लिए मजबूर होंगे। मोठ रांगरान निवासी राजेंद्र ने बताया कि उसकी शहर में मोठिया ट्रैक्टर वर्कशॉप के नाम से दुकान हैं। वह हर रोज की तरह शाम को अच्छी प्रकार से दुकान पर ताला लगाकर घर आ गया था। जब सुबह जाकर देखा तो दुकान का ताला टूटा हुआ मिला। जब दुकान के अंदर देखा तो काफी सामान बिखरा हुआ पड़ा था। कुछ सामान गायब था जिनमें 20 किलो पीतल के बुश, 30 किलो एल्यूमीनियम के पाट्र्स, ट्रैक्टरों की 6 बैटरी, इनवर्टर बैटरी, अलमारी में रखे हजारों की नकदी और गोशाला का दानपात्र जिसमें हजारों रुपये जमा थे। अज्ञात चोर चुराकर फरार हो गए। इसकी शिकायत पुलिस को दे दी है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच आरंभ कर दी है।




नारनौंद। शहर के व्यापारी थाना परिसर में चेयरमैन शमशेर कूकन से चर्चा करते हुए।

#### मामला दर्ज

इस संबंध में थाना प्रभारी बलवान सिंह ने बताया कि अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। मौके पर सीन ऑफ क्राइम की टीम को भी बुलाया गया था।

## ध्यान साधना एवं उत्सव आयोजित

- समाज में आध्यात्मिक जागरुकता लाना मुख्य उद्देश्य : आचार्य सुभाष

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

समर्थगुरु धारा संघ द्वारा रविवार को कौशिक नगर स्थित साधना केंद्र में ध्यान साधना शिविर एवं उत्सव का आयोजन श्रद्धा एवं उल्लास के साथ किया गया। इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकालीन ध्यान सत्र से हुई, जिसमें उपस्थित साधकों ने शांति, आत्मिक विकास एवं मानसिक एकाग्रता के लिए ध्यान की विभिन्न विधाओं का अभ्यास किया। ध्यान सत्र का संचालन संघ की वरिष्ठ आचार्या मां साक्षी ने किया और आज के सैशन आचार्या मां किरण, आचार्य गगन, आचार्य बसंत, आचार्य रविंद्र एवं आचार्य जितेंद्र द्वारा लिए गए। इसके पश्चात उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें भजन, कीर्तन, प्रवचन एवं आध्यात्मिक गतिविधियों का समावेश रहा। इस अवसर पर संघ के राष्ट्रीय संयोजक आचार्य सुभाष ने साधकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि ध्यान हमारे जीवन में संतुलन और शांति भी स्थापित करता है।



हिसार। कौशिक नगर स्थित साधना केंद्र में आयोजित ध्यान कार्यक्रम में भाग लेते साधक। *फोटो: हरिभूमि*

## महिलाओं की स्थिति पर चिंता जताई

- शकुंतला जाखड़ को महिला समिति का जिला अध्यक्ष चुना

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

जनवादी महिला समिति, जिला का 13वां सांगठनिक जिला सम्मेलन जवाहर नगर, गली नंबर 5 में उत्साहपूर्ण और सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। सम्मेलन का संचालन जिला सचिव बबली लाम्बा ने किया, जबकि संघर्षों का प्रतीक संगठन का झंडा जिलाध्यक्ष शंकुतला जाखड़ द्वारा फहराया गया। सम्मेलन का उद्घाटन जनवादी महिला समिति की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. जगमति सांगवान ने किया। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने भारत और हरियाणा में महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। सम्मेलन में जिला सचिव बबली लाम्बा द्वारा तीन वर्षों की सांगठनिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। सम्मेलन के अंत में 17 सदस्यीय जिला कमेटी का सर्वसम्मति से गठन किया गया, जिसमें 7 सदस्यीय सचिव मंडल भी शामिल है। शंकुतला जाखड़ को जिला अध्यक्ष चुना गया।



हिसार। जिला जनवादी महिला समिति सम्मेलन में उपस्थित महिला नेता व उपस्थित कार्यकर्ता। *फोटो: हरिभूमि*

### तेज़ धूप भी हमारा प्यार हिसार के जज़्बे को नहीं रोक सकी

## बदरंग दीवार को टेराकोटा पेंट से निखारा

- किसी ने दीवार की सफाई की जिम्मेदारी संभाली, तो कोई पेंट तैयार करने में जुटा

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

ग्रीष्म ऋतु की एक सुबह। सूरज ने रविवार को कुछ ज़्यादा ही जल्दी अपनी तेज़ किरणों से धरती को तपाना शुरू कर दिया है। पर यह तेज़ धूप भी हमारा प्यार हिसार के जज़्बे को नहीं रोक सकी। इस बार लक्ष्य है सेक्टर 15 की एक लम्बी और फीकी पड़ चुकी दीवार। टीम के सभी सदस्य पूरी तैयारी के साथ समय पर पहुंचे हैं। किसी ने दीवार की सफाई की जिम्मेदारी संभाली है, तो कोई पेंट तैयार करने में जुटा है। रंगों की बौछार, ब्रश की थापें और आपसी तालमेल हर कार्य एक सुंदर समरसता में बह रहा है। राह चलते लोग रुक कर कौतूहल से यह दृश्य निहार रहे हैं। कई टीम के काम की सराहना कर रहे हैं, तो कुछ मोबाइल में इन यादों को कैद कर रहे हैं। कुछ ही घंटों में आज का अभियान पूरा हुआ।



हिसार। दीवार पर टेराकोटा पेंट करते हमारा प्यार हिसार की टीम। *फोटो: हरिभूमि*

#### ये रहे मौजूद

अभियान में सुशील खरींटा, डॉ सुरेंद्र गर्ग, प्रो हरीश भाटिया, राजेंद्र गहलोत, अदेश मलिक, कमल भाटिया, शकुंतला रहेजा, मंजू पुनिया, ममता छाबड़ा, हरीश चंद्र, गगन मेहता, विक्रम मित्तल, पुनिया, रश्मि मेहता, मधु गोयल, जितेंद्र बंसल, नीलेश सिंधु, जितेंद्र सैनी, डॉ बी बी बांगा, सुमन ऐरन, दिनेश बंसल, अनुराग महेश्वरी, अजय गोरखपुरिया, अमित गुप्ता, अश्विनी, रमेश वर्मा, राजन वर्मा, देवेंद्र मलिक, परवीन अग्रवाल, विक्की रौतेला, साहिल गिरधर, यशस्वी कासनिया, सुनीता सैनी, मोनिका सैनी, मुकुल, यजत, इप्सिता, रिमझा, आलिया, भाविका, हितिषा आदि मौजूद रहे।